संख्याः11/2020/228/35-4-2020

प्रेषक,

अंकित कुमार अग्रवाल,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अर्थ एवं संख्या प्रभाग,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊः दिनॉकः 10 फरवरी,2020

विषय- ''सातवीं आर्थिक गणना''के अन्तर्गत बैंक खाता संचालन में परिवर्तन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्याः222/2019/1465/35-4-2019 दिनांक 27 अगस्त,2019 द्वारा ''सातवीं आर्थिक गणना'' के अन्तर्गत भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुक्रम में पी.एफ.एम.एस.(Public Finance Managemnt System)के अंतर्गत कतिपय शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन भारतीय स्टेट बैंक,विधान सभा मार्ग,लखनऊ में बचत खाता खोले जाने एवं उसके संयुक्त संचालन की स्वीकृति/अनुमति प्रदान की गयी है।

2- इस विषय में निदेशक,अर्थ एवं संख्या प्रभाग के पत्र संख्या-296/ले-29/2019 दिनांक 08 जनवरी,2020 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत विभाग द्वारा बतायी गयी कठिनाईयों के दृष्टिगत शासकीय हित में सातवीं आर्थिक गणना योजना के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक,लखनऊ में संचालित बचत बैंक खाते का संयुक्त संचालन निदेशक,अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ0 प्र0, लखनऊ व वित्त नियंन्त्रक, नियोजन विभाग,उ0 प्र0 शासन के स्थान पर निदेशक,अर्थ एवं संख्या प्रभाग,उ0प्र0,लखनऊ तथा वित्त एवं लेखाधिकारी,अर्थ एवं संख्या प्रभाग,उ0प्र0,लखनऊ के संयुक्त हस्ताक्षर से किये जाने पर सहमति प्रदान की जाती है।

3- उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश संख्याः222/2019/1465/35-4-2019 दिनांक 27 अगस्त,2019 की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in/

4- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-एफ0ए-1-12/दस-2020,दिनांक 06 फरवरी,2020 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय

( अंकित कुमार अग्रवाल)
विशेष सचिव।

संख्याः11/2020/228(1)/35-4-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),उ0प्र0,इलाहाबाद,उ0प्र0। ।
2- महालेखाकार,लेखापरीक्षा,( प्रथम एवं द्वितीय),इलाहाबाद,उ0प्र0। ।
3- उपनिदेशक,सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय,सांख्यिकी कार्यालय (अर्थ एवं संख्या प्रभाग) नई दिल्ली, भारत सरकार।
4- वरिष्ठ आडिट आफीसर(आडीटर प्लानिंग),कार्यालय महालेखाकर लेखा परीक्षा प्रथम,सत्यनिष्ठ भवन,15 थार्नहिल रोड,इलाहाबाद,उ0प्र0।
5- मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन,लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5,उ0प्र0शासन।
7- वित्त(लेखा)अनुभाग-1,उ0प्र0शासन।
8- गार्ड फाईल हेतु।
9- अतिरिक्त प्रति।

आज्ञा से,

( अंकित कुमार अग्रवाल)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in/

---

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।